# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**ANNUAL EXAMINATION- ( 2024-25)**
**HINDI**

Class: VIII　　　　　　　　Duration : 3.00 Hrs
Date :10.03.2025　　　　　　Max. Marks: 80
Admission No.:　　　　　　　Roll No.:

---

नोट –

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

---

## खण्ड क (अपठित बोध )

**प्रश्न.1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए:-

किसी गाँव में एक व्यापारी रहता था। उसका नाम था-रामप्रसाद। वह खूब दान-पुण्य करता था। सभी लोग उसका बहुत सम्मान करते थे। वह सभी की सहायता करता था। उसका एक पुत्र था-सोहन। वह दिनभर अपने दोस्तों के साथ घूमता रहता था और देर रात घर लौटता था। रामप्रसाद और उसकी पत्नी को सोहन की प्रतीक्षा में देर रात तक जागना पड़ता था। एक बार रामप्रसाद ने आधी रात को घर आने पर उससे पूछा- "बेटा, तुम देर रात तक कहाँ घूमते रहते हो? जल्दी घर आ जाया करो, नहीं तो ठीक नहीं होगा।" यह सुनकर सोहन को गुस्सा आ गया।

सोहन ने उत्तर दिया- "पिता जी, आप व्यर्थ ही नाराज हो रहे हैं। मैं कोई गलत काम नहीं करता हूँ। मित्रों से मिलने-जुलने में देर हो जाती है।"रामप्रसाद ने पूछा - “क्या तुम्हारे मित्र मुसीबत में साथ देंगे ?” सोहन बोला- “पिता जी, मेरे मित्र मौक़ा पड़ने पर जीवन भी दे सकते हैं |”

पिता जी ने बेटे को समझाया कि समय बहुत मूल्यवान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो।विद्यार्थियों को समय का महत्व इसलिए देना चाहिए क्योंकि यह उनके भविष्य को आकार देने का समय होता है| समय का सही इस्तेमाल करने से वे अपने शैक्षिक लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं| समय का महत्व समझकर विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं|

**(i)** गाँव में कौन रहता था? **[1]**

**(a)** किसान　　**(b)** व्यापारी
**(c)** धोबी　　**(d)** दरजी

**(ii)** उसके पुत्र का क्या नाम था? **[1]**

**(a)** मोहन　　**(b)** राजम
**(c)** सोहन　　**(d)** मणि

**(iii)** व्यापारी का क्या नाम था? **[1]**

**(a)** देवीलाल　　**(b)** भजनलाल
**(c)** राधेश्याम　　**(d)** रामप्रसाद

**(iv)** सोहन दिन भर क्या करता था ? **[2]**

**(v)** विद्यार्थियों को समय का महत्त्व क्यों देना चाहिए ? **[2]**

प्रश्न**.2** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-**

परोपकार करते हुए कष्ट सहना ही पड़ता है , परंतु इसमें भी इसमें भी परोपकारी को आत्मसंतोष और सुख मिलता है। माँ कष्ट न उठाए, तो शिशु का कल्याण नहीं होगा। वृक्ष पुराने पत्तों का मोह मोह त्यागे नहीं, तो नव पल्लवों के दर्शन असंभव हैं। पिता यदि दिनभर कष्ट सहकर धन अर्जित न करें, परिवार का पोषण कैसे होगा? पक्षी कष्ट सहकर भी अपने शिशुओं के लिए आहार इकट्ठा न करें, तो उनके बच्चे बचेंगे कैसे? पिता-माता, वृक्ष, पक्षियों का कष्ट, कष्ट नहीं है। कारण, वे तो परहित के लिए पीडित हैं। अतः उस पीडा में भी वे आनंद मानते हैं। परोपकार करने से आत्मा प्रसन्न होती परोपकारी दूसरों की सहानुभूति का पात्र बनता है। समाज के दीन-हीन, पीडित वर्ग को जीवन का अवसर देकर समाज में सम्मान प्राप्त करता है। समाज के विभिन्न वर्गों में शत्रुता, कटुता और वैमनस्य दूर कर शांतिदूत बनता है। धर्म के पथ पर समाज को प्रवृत्त कर 'मुक्तिदाता' कहलाता है। जनता में भक्ति की चिंगारी फूँकने वाला 'देश-रत्न' की उपाधि से अलंकृत होता है।

**(i)** कष्ट सहकर भी परोपकार क्यों किया जाता है? **[1]**

**(a)** यश के लिए **(b)** धन-संपत्ति के लिए

**(c)** आत्म-संतोष के लिए **(d)** दूसरों के लिए

**(ii)** माता-पिता, वृक्ष, पक्षियों का कष्ट, कष्ट क्यों नहीं होता है? **[1]**

**(a)** क्योंकि उस पीड़ा में भी आनंद है **(b)** उन्हें तकलीफ होती ही नहीं है

**(c)** पीड़ा झेलना उनके जीवन का अटूट हिस्सा है **(d)** कष्ट महत्वपूर्ण नहीं है

**(iii)** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **[1]**

कथन (A): परोपकारी दूसरों की सहानुभूति का पात्र बनता है।

कारण (R) : दूसरों पर उपकार करने वाले के प्रति सभी के मन में स्नेह एवं सद्भाव उत्पन्न हो जाता है।

**(a)** कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**(b)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(c)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**(d)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही

**(iv)** परोपकार क्यों करना चाहिए? **[2]**

**(v)** इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए | **[2]**

खण्ड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न **3** दिए गए शब्दो के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए **(any two) :-** **[1×2=2]**

**(i)** शरीर ---------- ---------

**(ii)** शत्रु ---------- ---------

**(iii)** नदी ---------- ---------

प्रश्न **4** दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए**(any two):-** **[1×2=2]**

**(i)** स्वतंत्र -----------

**(ii)** स्वर्ग , -----------

**(iii)** ज्ञानी -----------

प्रश्न **5** निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य से उद्देश्य और विधेय छाँटकर लिखिए **:-** **[1]**

**(i)** तुम इस तरह कब तक बैठी रहोगी ?

**(ii)** सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं |

प्रश्न **6** क्रिया के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए **-** **(any one)** **[1]**

**(i)** कर्म के आधार पर क्रिया के कितने प्रकार हैं ?

**(ii)** प्रेरणानार्थक क्रिया का एक उदाहरण दीजिए |

प्रश्न **7** निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य लिखिए **:- (any two)** **[1×2=2]**

**(i)** चूहे भाग गए | (भविष्यत् काल)

**(ii)** हाथी तालाब पर पानी पीने जाते हैं | (भूतकाल)

**(iii)** भविष्यत् काल किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए |

प्रश्न **8** उपसर्ग और प्रत्यय अलग -अलग कीजिए **(any two):-** **[1×2=2]**

**(i)** अपशब्द में मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए |

**(ii)** सफलता में मूल शब्द और प्रत्यय शब्द अलग कीजिए|

**(iii)** निर्मल मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए|

प्रश्न **9** दिए गए वाक्यों को पढ़कर सर्वनाम के भेद बताइए**(any two):-** **[1×2=2]**

**(i)** दाल में कुछ गिर गया है |

**(ii)** यह मेरी पुस्तक है |

**(iii)** जैसा करोगे , वैसा भरोगे |

प्रश्न **10** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए **(any two):-** **[1×2=2]**

**(i)** जिसका कोई परिचित न हो

**(ii)** जो ईश्वर को मानता है

**(iii)** जो युद्ध में स्थिर हो

प्रश्न **11** मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए**(any two) :-** **[1×2=2]**

**(i)** अंग -अंग ढीला होना

**(ii)** दिन -रात एक करना

**(iii)** दाँत खट्टे करना

## खण्ड ग (पाठ्यपुस्तकाधारित )

प्रश्न **12** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[5]**

तुलसी महतो अपनी लड़की सुभागी से बहुत प्यार करते थे। छोटी उम्र में भी वह घर के काम में चतुर और खेती-बाड़ी के काम में निपुण थी। उसका भाई रामू, जो उम्र में बड़ा था। बड़ा ही कामचोर और आवारा था। तुलसी ने सुभागी और रामू, दोनों की शादी कर दी। थोड़े दिन बीते। अचानक एक दिन बड़ी विपदा आ गई। सुभागी बहुत छोटी उम्र में ही विधवा हो गई। सुभागों के दुख की तो सीमा ही न थी। बेचारी को अपना जीवन पहाड़ लगने लगा था।कुछ साल बीते। लोग तुलसी महतो पर दबाव डालने लगे कि लड़की की कहीं दूसरी शादी कर दो। आजकल कोई इसे बुरा नहीं मानता है, तो क्यों सोच-विचार करते हो?तुलसी ने कहा, "भाई मैं तो तैयार हूँ लेकिन जब सुभागी भी माने। वह किसी तरह राजी नहीं होती।"हरिहर ने सुभागी को समझाकर कहा, "बेटी, हम तेरे ही भले के लिए कहते हैं। माँ-बाप अब बूढ़े हो गए हैं, उनका क्या भरोसा। तुम इस तरह कब तक बैठी रहोगी ?

**(i)** सुभागी के पिता का नाम था :-

**(a)** हरहित मेहता **(b)** रजत मेहता

(c) प्रियम वर्मा (d) तुलसी मेहता

**(ii)** रामू स्वभाव से कैसे था?

**(a)** मेहनती **(b)** विनम्र

**(c)** आवारा **(d)** ईमानदार

**(iii)** सुभागी के जीवन में क्या विपदा आ गयी थी ?

**(a)** वह विधवा हो गयी **(b)** पिता की मृत्यु हो गयी

**(c)** माँ का निधन हुआ **(d)** रामू घर से भाग गया

**(iv)** हरिहर ने सभागी को क्या सलाह दी?

**(a)** खेती करने की **(b)** पढ़ने की

**(c)** विदेश जाने की **(d)** शादी करने की

**(v)** विपदा का क्या अर्थ है?

**(a)** सुख **(b)** शांति

**(c)** योग **(d)** मुसीबत

प्रश्न **13** निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए - **[5]**

यहाँ कोकिला नहीं, काक हैं शोर मचाते।
काले-काले कीट, भ्रमर का भ्रम उपजाते॥
कलियाँ भी अधखिली, मिली हैं कंटक-कुल से।
वे पौधे, वे पुष्प, शुष्क हैं अथवा झूलसे॥
परिमल-हीन पराग दाग़-सा बना पड़ा है।
हा! यह प्यारा बाग़ ख़ून से सना पड़ा है।
आओ प्रिय ऋतुराज! किंतु धीरे से आना।
यह है शोक-स्थान यहाँ मत शोर मचाना॥

**(i)** कवयित्री यहाँ पर किस जगह की चर्चा कर रही हैं?

**(a)** राजा जी बाग **(b)** लोधी बाग

**(c)** अल्फ्रेड पार्क **(d)** जलियाँवाला बाग

**(ii)** इस बाग़ में कौन शोर मचाते हैं?

**(a)** कोयल **(b)** कौए

**(c)** बुलबुल **(d)** मोर

**(iii)** कवयित्री किसे धीरे -धीरे आने के लिए कह रहीं हैं?

**(a)** वसंत **(b)** शिशिर

**(c)** सावन **(d)** पतझड़

**(iv)** यहाँ पर अधखिली कलियाँ किससे मिल गयी हैं?

**(a)** हरियाली से **(b)** नदी से

**(c)** सपनों से **(d)** काँटों से

**(v)** ‘कोकिला’ का यहाँ पर क्या अर्थ है

**(a)** हंस **(b)** मैना

**(c)** तोता **(d)** कोयल

प्रश्न **14** निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए - **[14]**

**(i)** लाला झाऊलाल के हाथ से छूटकर लोटा कहाँ और कैसे पहुँचा ?

**(ii)** सम्राट अशोक ने कलिंग के किसानों के साथ कैसा व्यवहार किया और क्यों?
**(iii)** खिलौने के खोने से क्या नहीं होता है?
**(iv)** सारा गाँव सुभागी की बढ़ाई क्यों करता था?
**(v)** सतलुज पार चले जाने के बाद दीना पहले से अधिक खुश क्यों था?
**(vi)** चीनी फेरीवाला छोटी उम्र में पैरों की आहट सुनकर क्या अनुमान लगाता था?
**(vii)** अर्जुन ने जयद्रथ का वध क्यों किया?

प्रश्न **15** निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए **(Any two) :-** **[6]**
**(i)** बिना सोच -विचार किए कार्य करने का क्या परिणाम होता है ?
**(ii)** जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए किन-किन मूल्यों की आवश्यकता होती है?
**(iii)** सरदार ने दीना को ज़मीन का क्या हिसाब बताया और उस रात बिस्तर पर लेटा हुआ क्या सोच रहा था?

खण्ड घ (लेखनाधारित )

प्रश्न **16** निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र लिखिए **:-** **[5]**
**(i)** आपके बड़े भाई का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में होने पर बधाई- पत्र लिखिए|
**(ii)** पुणे जल बोर्ड को अपने क्षेत्र में पेयजल समस्या की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए|

प्रश्न **17** निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर शब्दों में अनुच्छेद लिखिए **:-** **[5]**
**(i)** बारिश की एक शाम
**(ii)** एक दिन मैंने सपना देखा

प्रश्न **18** निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर **50** शब्दों में संवाद लिखिए **:-** **[5]**
**(i)** डॉक्टर और रोगी के बीच संवाद
**(ii)** सब्जीवाले और ग्राहक के बीच का संवाद

प्रश्न **19** चित्र को देखकर सौ शब्दों में अपने विचार लिखिए **:-** **[5]**



========================== समाप्त ==========================